बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

– : संकल्प :–

सं०सं०– प्र०–09 / समा०–02–09 / 2026..684..पटना–15, दिनांक–13 / 10 / 2026

राम विलास पासवान का जन्म दिनांक 05 जुलाई, 1946 ई० को बिहार के खगड़िया जिले के शहरबन्नी गांव में हुआ था। पासवान ने कोसी कॉलेज, खगड़िया और पटना विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई पूरी की तथा बिहार पुलिस में चयनित डी.एस.पी. की नौकरी छोड़कर वर्ष 1969 में राजनीति में कदम रखा तथा पहली बार बिहार विधान सभा के लिए चुने गये। वे 09 बार लोकसभा सदस्य और 02 बार राज्यसभा सदस्य रहे। इस दौरान उन्होनें केन्द्रीय मंत्रिमंडल में कई मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। 74 वर्ष की जीवन यात्रा पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक 08 अक्टूबर, 2020 को उनकी मृत्यु हुई। राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक सामाजिक योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने मरणोपरान्त वर्ष 2021 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया।

स्व० रामविलास पासवान भारतीय राजनीति के एक प्रखर समाजवादी नेता, लोकप्रिय जनप्रतिनिधि तथा सामाजिक न्याय के सशक्त पक्षधर थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण सार्वजनिक जीवन समाज के वंचित, शोषित, दलित, गरीब एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक–आर्थिक उत्थान के लिए समर्पित किया। बिहार की धरती से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति में विशिष्ठ पहचान स्थापित करने वाले रामविलास पासवान का जीवन संघर्ष, जनसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण है।

राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि बिहार के महान सपूत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पद्म भूषण स्व० रामविलास पासवान की जयंती प्रत्येक वर्ष 05 जुलाई को राजकीय समारोह के रूप में मनायी जायेगी।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में जनसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

13.10.24

(महेन्द्र प्रसाद यादव)
सरकार के संयुक्त सचिव।

क्रमशः....

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–09/2026..684..पटना–15, दिनांक–...13../10/2026
प्रतिलिपि :– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि इसकी 200 मुद्रित प्रतियाँ मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (नयाचार शाखा), बिहार, पटना को शीघ्र उपलब्ध करायी जाय।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–09/2026...684...पटना–15, दिनांक–....13../10/2026
प्रतिलिपि :– राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव/मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/सभापति, बिहार विधान परिषद् के आप्त सचिव/अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आप्त सचिव/सभी मंत्री एवं राज्यमंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–09/2026..684...पटना–15, दिनांक–....13../10/2026
प्रतिलिपि :– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–09/2026..684...पटना–15, दिनांक–....13../10/2026
प्रतिलिपि :– सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.10.26
सरकार के सयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– प्र०–09/समा०–02–09/2026..684...पटना–15, दिनांक–....13../10/2026
प्रतिलिपि :– प्रशाखा पदाधिकारी–1 एवं आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।